पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2015-17 प्रकाशित: 16.06.2015 इस अंक का मूल्य 2 रुपये

।। ओ३म् ।।



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**जम्मू में डा.अनिल आर्य 28 जून को**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् जम्मू कश्मीर के तत्वावधान में युवक चरित्र निर्माण शिविर 21 जून से 28 जून 2015 तक आर्य समाज जानीपुर, जम्मू में लगेगा, डा. अनिल आर्य समापन पर 28 जून को जम्मू पंहुचेगे।

सम्पर्क—
श्री सुभाष बब्बर—09419301915

वर्ष-32 अंक-2 आषाढ़-2072 दयानन्दाब्द 191 16 जून से 30 जून 2015 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 16.06.2015, E-mail : aryayouthn@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## आठ दिवसीय आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन

### चरित्रवान युवा ही राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन कर सकते हैं –केन्द्रीय मन्त्री डा.महेश शर्मा

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में गत् 6 जून से ऐमिटी इन्टरनेशनल स्कूल,सैक्टर–44, नोएडा में चल रहे ''आर्य युवक चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास शिविर'' का भव्य समापन हो गया। शिविर में 275 किशोर व युवकों ने प्रातः 4 बजे से रात्री 10 बजे तक अनुशासित दिनचर्या में रहकर नैतिक शिक्षा, योगासन, दण्ड–बैठक, लाठी, तलवार, जूडो–कराटे, बाक्सिंग, स्तूप, डम्बल, लेजियम, सन्ध्या–यज्ञ, भाषणकला, नेतृत्व कला, देश भक्ति की भावना, भारतीय संस्कृति की महानता पर शिक्षकों व विद्वानों से बौद्धिक व शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त किये।

समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मन्त्री डा.महेश शर्मा ने कहा कि चरित्रवान युवा पीढ़ी में ही राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित है,यह युवा ही देश की दिशा व दशा को बदलेंगे। महर्षि दयानन्द ने जो समाज निर्माण का स्वपन देखा था, वह इन प्रशिक्षित युवाओं को ही पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज से राष्ट्र व समाज को बहुत अधिक आशायें है उन पर आर्य जनों को खरा उतरने की आवश्यकता है। समारोह अध्यक्ष डा. अशोक कुमार चौहान (संस्थापक अध्यक्ष, ऐमिटी शिक्षण संस्थान) ने कहा कि चरित्रवान आर्य युवा ही देश व विश्व को बदल सकते हैं। देश के उत्थान व प्रगति में चरित्र निर्माण शिविरों का अपना विशेष महत्व है, इन युवकों ने ही देश को बदलने में व विश्व के अग्रणी देशों में भारत का स्थान बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभानी है। (शेष पृष्ठ 2 पर)

## केन्द्रीय मन्त्री डा.महेश शर्मा व डा.अशोक कुमार चौहान का भव्य अभिनन्दन





समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मन्त्री डा.महेश शर्मा का स्वागत करते डा.अनिल आर्य,दर्शन अग्निहोत्री,विमला बाथम,आनन्द चौहान,डा.अशोक कु.चौहान व न्यायमूर्ति श्री विनोद कुमार मिश्रा व द्वितीय चित्र–डा.अशोक कु. चौहान का अभिनन्दन करते विमला बाथम(विधायक),डा.महेश शर्मा,न्यायमूर्ति विनोद कुमार मिश्रा व डा.अनिल आर्य।

## आर्य नेता दर्शन अग्निहोत्री व न्यायमूर्ति विनोद कुमार मिश्रा का अभिनन्दन





आर्य नेता दर्शन अग्निहोत्री का अभिनन्दन करते प्रवीन आर्य,महेन्द्र भाई,जस्टिस विनोद कुमार मिश्रा,डा.अनिल आर्य,अशोक आनन्द, मेजर जनरल आर.एस.भाटिया व वेद मिगलानी।

## तैयार हो रही है दयानन्द की सेना- आई फौज दयानन्द वाली





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् का लक्ष्य है मिशन–25, यानि 12 से 25 वर्ष के युवकों को आर्य समाज से जोड़ना। हम अभावों,आलोचनाओं, फतवों के बावजूद रहते हैं न.1 यानि सबसे आगे

# 118 वां अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल जन्मोत्सव सम्पन्न

## क्रांतिकारियों का बलिदान सदियों तक युवाओं को प्रेरणा देता रहेगा – आर्य नेता स्वामी आर्यवेश




सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,ठाकुर विक्रम सिंह,प्रवीन आर्या,रविन्द्र सेठ,कठपालिया जी,लक्ष्मी सिन्हा,कै.अशोक गुलाटी, डा.जयेन्द्र आचार्य व गायत्री मीना, सामने उपस्थित आर्य जन।

नोएडा। बृहस्पतिवार 11 जून 2015, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद एवं आर्य समाज नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में ऐमिटी ऑडिटोरियम, सैक्टर–44, नोएडा में अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल का 118वॉं जन्मोत्सव सौल्लास मनाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी आर्यवेश जी (प्रधान, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा) ने कहा कि अमर शहीद पं0 रामप्रसाद बिस्मिल का जीवन चरित्र सदियों तक युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहाकि पं0 बिस्मिल क्रांतिकारियों के सिरमोर थे। उन्होंने देश की आजादी की लडाई को एक नई दिशा देकर क्रांतिकारी आंदोलन के रूप में स्थापित किया। उन्होंने बच्चों से नशाखोरी, मांसाहार आदि बुराइयां छोडने की शपथ दिलवाई।

समारोह अध्यक्ष डॉ0 अनिल आर्य(राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने आवाहन किया कि जातिवाद मुक्त समाज की संरचना करना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजली है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में जेल जाने वाले लोग 80 प्रतिशत आर्यसमाज एवं महर्षि दयानन्द की विचारधारा से ओत–प्रोत थे। आजादी के 68 साल बाद भी देश में पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लग रहे हैं । यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है। परिषद् अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मांग की कि जो व्यक्ति भारत का अन्न–जल ग्रहण करके देशद्रोही बात करके, देश को गुमराह करता है उसको सख्ती से जाये। म्यान्मार में भारतीय सेना की जवाबी कार्यवाही की आर्य समाज ने मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की व भारतीय सेना को बधाई दी। आर्ष गुरूकुल नोएडा प्राचार्य डॉ0 जयेन्द्र जी, ठाकुर विक्रम सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्र निर्माण पार्टी) ने बताया कि अगर महान चरित्रवान् रामप्रसाद बिस्मिल के मार्ग पर चलें तो विश्व का सबसे बडा लोकतन्त्र कभी पराधीन नही हो सकता।

आर्य समाज नोएडा की महिला प्रधाना गायत्री मीना,प्रवीणआर्या,कैप्टन अशोक गुलाटी, रविन्द्र सेठ, विजेन्द्र कठपालिया, राज सरदाना आदि ने महान क्रान्तिकारी प.रामप्रसाद बिस्मिल के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से आर्य नेता अमीरचन्द रखेजा, चन्द्रप्रभा अरोडा ,मेजर ज0 आर0एस0 भाटिया, करनल बंसी कौल, एस0सी0 ग्रोवर, माता लक्ष्मी सिन्हा, रामसेवक आर्य, हर्ष बवेजा आदि उपस्थित थे।

# ठाकुर विक्रम सिंह व सरोजनी दत्ता का भव्य अभिनन्दन




ठाकुर विक्रम सिंह का अभिनन्दन करते स्वामी आर्यवेश,कै.अशोक गुलाटी,डा.जयेन्द्र आचार्य व डा.अनिल आर्य व आर्य नेत्री सरोजनी दता का अभिनन्दन करते आनन्द चौहान,डा.अनिल आर्य,प्रवीन आर्या व आस्था आर्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

मैंने यहां आकर के बच्चों में देखा कि उनमें देश भक्ति, मानवता के प्रति प्रेम व इस समाज को एक अच्छा समाज बनाने की प्रेरणा काम कर रही है, इसके लिए मैं डा.अनिल आर्य व उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने कहा कि चरित्रवान युवा ही राष्ट्र की अमूल्य सम्पति हैं,यह युवक समाज में जाकर राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के लिए कार्य करेंगे, उन्होंने युवकों से जातिवाद व प्रान्तवाद से ऊपर उठकर समाज को जोड़ कर राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक समरसता के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

ऐमिटी स्कूलस की चेयरपरसन डा.अमिता चौहान ने अपने संदश में कहा कि शिविर में प्रशिक्षित युवकों को अब समाज में व्यापत अन्धविश्वास, पाखण्ड व सामाजिक कुरीतियों को मिटा कर एक अच्छे समाज की संरचना का कार्य करना है।

न्यायमूर्ति विनोद कुमार मिश्र (न्यायाधीश, इलाहाबाद हाई कोर्ट) ने कहा कि महर्षि दयानन्द समग्र क्रान्ति के अग्रदूत थे उनके स्वपनों के भारत का निर्माण युवा पीढ़ी को ही करना है, संस्कारवान युवा ही देश में आमूल चूल परिवर्तन ला सकते हैं उन्हीं के कन्धों पर देश का भविष्य टिका हुआ है। समारोह का शुभारम्भ समाजसेवी दर्शन अग्निहोत्री ने ओउ्म् ध्वज फहराकर किया व आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। युवा गायक अंकित उपाध्याय व प्रवीन आर्य के मधुर भजन हुए । शिक्षक योगेन्द्र शास्त्री,दुर्गाप्रसाद,सौरभ गुप्ता के निर्देशन में युवको के भव्य व आकर्षक व्यायाम प्रदर्शन के कार्यक्रम की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की।

इस अवसर पर विमला बाथम(विधायक),आर्य नेता आनन्द चौहान,चौ.लाजपतराय आर्य(करनाल),गायत्री मीना,यशोवीर आर्य,कै. अशोक गुलाटी,आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,धर्मपाल आर्य,दुर्गेश आर्य,सुरेश आर्य,डी.के.यादव,एस.डी.त्यागी,सत्यभूषण आर्य,स्वतन्त्र कुकरेजा,आनन्दप्रकाश आर्य,रोजी पण्डित प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शिविर में सर्वप्रथम शिविरार्थी आलोक कुमार(यमुना नगर), सर्वद्वितीय अवनीश(गाजियाबाद), सर्वतृतीय मोनु(जीन्द) पुरस्कृत किये गये। भाषण में ओमप्रकाश(बिहार),अशोक भण्डारी(बागेश्वर),अभिमन्यु(शाहदरा) विजेता रहे। समारोह में हजारों लोगों ने पधार कर आर्य युवा शक्ति का उत्साह वर्धन किया।

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य उद्घाटन

## चरित्रवान युवा ही देश की दिशा व दशा को बदलेगें-डॉ.योगानन्द शास्त्री (पूर्व अध्यक्ष, दिल्ली विधान सभा)



शिविर उद्घाटन पर मुख्य अतिथि डा.योगानन्द शास्त्री का स्वागत करते आनन्द चौहान व मायाप्रकाश त्यागी,साथ में डा.अनिल आर्य,अरूण अग्रवाल व रामकुमार सिंह। द्वितीय चित्र–समारोह अध्यक्ष आनन्द चौहान का अभिनन्दन करते डा.योगानन्द शास्त्री,मायाप्रकाश त्यागी व डा.अनिल आर्य।

शनिवार, 6 जून 2015, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद नई दिल्ली के तत्वाधान में एमेटी इन्टरनेशनल स्कूल, सैक्टर–44, नोएडा में विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य शुभारम्भ हो गया। शिविर में 275 युवक भाग ले रहे है।
समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 योगानन्द शास्त्री (पूर्व अध्यक्ष,दिल्ली विधान सभा) ने दीप प्रज्जवलन कर शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि चरित्रवान युवक राष्ट्र की सबसे बडी आवश्यक्ता है बिना चरित्र व संस्कारों के युवक पशु के समान है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने भी व्यक्ति के संस्कारों पर बहुत बडा बल दिया है। आर्य समाज का देश की आजादी में व सामाजिक बुराइयों के उन्मुलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज फिर राष्ट्र को महर्षि के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है तभी भारत पुनः विश्वगुरू बन सकेगा।
समारोह अध्यक्ष श्री आनन्द चौहान (निदेशक ऐमेटी शिक्षण संस्थान) ने कहा कि आर्य समाज द्वारा शिविर में जो संस्कार दिये जा रहे हैं, उन्हीं में देश का भविष्य निहित है। महर्षि दयानन्द के हमारे समाज पर बहुत उपकार हैं। अनेक विद्वानों द्वारा समाज को सही शिक्षा दी जा रही है।
केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनिल आर्य ने कहा कि परिषद देश भर में युवा पीढी को संस्कारित करने का व्यापक अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देश भर में विभिन्न प्रान्तों में 16 युवक व युवतियों के शिविर चल रहे हैं ।
आर्य नेता श्री मायाप्रकाश त्यागी (कोषाध्यक्ष,सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली) ने ओ३म् ध्वज फहराकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री त्यागी जी ने कहा कि आज देश में पाखण्ड, अन्धविश्वास व गुरूडम बढ रहा है इसका सुधार यह आर्य युवा ही करेंगे।
युवा गायक श्री अंकित उपाघ्याय ने अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बहन गायत्री मीना, महेन्द्र भाई, प्रवीन आर्या आदि ने भी अपने विचार रखे। समारोह का संचालन डॉ0 अनिल आर्य ने किया।
प्रमुख रूप से समाजसेवी अरूण अग्रवाल,प्रवीन आर्य,रामकुमार सिंह,यशोवीर आर्य,कै0 अशोक गुलाटी, रविन्द्र सेठ, सरोजनी दता, विजेन्द्र कठपालिया, अमीरचन्द रखेजा, योगेन्द्र शास्त्री, प्रकाशवीर शास्त्री ,त्रिलोक उमराव आर्य, हर्ष बवेजा, सौरभ गुप्ता, विश्वनाथ आर्य, क.अजयवीर, अनिल हाण्डा, ओमवीरसिंह आदि उपस्थित रहे।



केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कर्मठ शिक्षक डा.अनिल आर्य के साथ व मार्चिंग का द्रश्य

# आर्य युवको ने किये आकर्षक व्यायाम प्रदर्शन



कठिन योगासन, लेजियम व कमाण्डो का प्रदर्शन करते हुए शिविरार्थी

# आर्य नेता मायाप्रकाश त्यागी व चौ.लाजपतराय आर्य का भव्य अभिनन्दन



सार्वदेशिक सभा के कोषाध्यक्ष श्री मायाप्रकाश त्यागी का अभिनन्दन करते डा.योगानन्द शास्त्री,डा.अनिल आर्य,आनन्द चौहान व अरूण अग्रवाल। द्वितीय चित्र–करनाल के आर्य नेता चौ.लाजपतराय आर्य का अभिनन्दन करते केन्द्रीय मन्त्री डा.महेश शर्मा,डा. अशोक कुमार चौहान, न्यायमूर्ति विनोद कुमार मिश्रा, डा.अनिल आर्य व स्वतन्त्र कुकरेजा।

# हापुड़ (उतर प्रदेश) में आर्य कन्या शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न




रविवार, 7 जून 2015, आर्य कन्या इन्टर कालेज हापुड़ में 31 मई से चल रहा "आर्य कन्या शिविर" शानदार सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर में 115 बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मन्च पर बायें से स्वामी धर्मेश्वरानन्द सरस्वती ,स्वामी आर्यवेश जी,डा.अनिल आर्य, प्रवीन आर्य व अनिल हाण्डा। द्वितीय चित्र–स्वामी धर्मेश्वरानन्द जी का स्वागत करते डा. अनिल आर्य, प्रवीन आर्य, अनिल हाण्डा, आनन्दप्रकाश आर्य, प्रेमप्रकाश आर्य व समारोह संचालक जिला सभा हापुड़ के प्रधान डा.विकास अग्रवाल।

# बहरोड़ (राजस्थान) में आर्य युवक शिविर सोल्लास सम्पन्न





सोमवार, 8 जून 2015,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् राजस्थान के तत्वावधान में डी.वी.एम,पब्लिक स्कूल, बहरोड़ में विशाल युवक शिविर 8 से 14 जून 2015 तक लगाया गया। शिविर में 150 युवकों ने भाग लिया। चित्र में–परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल आर्य का अभिनन्दन करते प्रान्तीय अध्यक्ष रामकृष्ण शास्त्री, स्वामी सुधानन्द योगी व रामकुमार सिंह आर्य आदि व सामने राष्ट्र का भविष्य युवा पीढ़ी।

# पलवल (हरियाणा) में युवक निर्माण शिविर की रही धूम




सोमवार, 8 जून 2015, आर्य युवक परिषद् पलवल के तत्वावधान में न्यू डी.पी.एस. पब्लिक स्कूल, न्यू कालोनी, पलवल में 8 जून से 14 जून 2015 तक विशाल युवक चरित्र निर्माण शिविर लगाया गया। शिविर 150 आर्य युवक तैयार हुए। चित्र में–रविन्द्र छाबड़ा, स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती, डा.अनिल आर्य, रामकुमारसिंह आर्य, कृष्णपाल खेत्रपाल आदि। सामने आर्य युवक शिविरार्थी। संयोजक दिनेश आर्य ने कुशल संचालन किया।

# फरीदाबाद (हरियाणा) में आर्य युवक निर्माण शिविर सोल्लास सम्पन्न




रविवार, 7 जून 2015, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् फरीदाबाद के तत्वावधान में 31 मई से 7 जून 2015 तक राजकीय माध्यमिक विद्यालय, एन.एच.3, फरीदाबाद में युवक निर्माण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में 150 आर्य युवक प्रशिक्षित हुए। प्रधान शिक्षक सत्यपाल शास्त्री, वीरेन्द्र योगाचार्य के कुशल संचालन में शिविर चला। चित्र में–ऐस्कॉर्टस लि. के प्रबन्धक देवेन्द्र यादव का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, जितेन्द्र सिंह आर्य, वेदप्रकाश शास्त्री, रामकुमार सिंह व सामने आर्य युवक कराटे प्रदर्शन करते हुए।

## दानी महानुभावों से अपील

यदि आप केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों से सन्तुष्ट हैं तो हमें सहयोग करें,कृपया अपना सहयोग परिषद् के खाता सं. 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली–110007, आई.एफ.एस.कोड -SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868002130 पर एस.एम.एस कर दें जिससे रसीद भेजी जा सके । अग्रिम धन्यवाद सहित –

डा. अनिल आर्य, मो.09810117464.

## होनहार युवक ऋषि आर्य का निधन

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् हिमाचल के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री ऋषि आर्य का 25 वर्ष की आयु में गत् 24 मई 2015 को निधन हो गया। स्वामी सुमेधानन्द जी सरस्वती व आचार्य महावीर जी (दयानन्द मठ, चम्बा) पर जैसे दु:खो का अम्बार टूट पड़ा है। पूरा आर्य जगत इस दु:ख की घड़ी में संवेदना व्यक्त करता है।

–डा.अनिल आर्य

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली–5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970